भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2842
उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2021

पीएलआई योजना

2842. कुमारी गोड्डेति माधवी:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत में दूरसंचार उपकरणों के विनिर्माण हेतु उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए कंपनियों का चयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) विनिर्मित किए जाने वाले दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों की विनिर्दिष्ट सूची में सॉफ्टवेयर को शामिल नहीं किए जाने का कारण क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा बड़े विदेशी मुद्रा बहिर्वाह को कम करने हेतु राष्ट्रीय स्वामित्व वाले उत्पादों के विकास सहित घरेलू दूरसंचार विनिर्माण का विस्तार सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) और (ख) जी, हां। इस स्कीम के तहत 31 दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद विनिर्माण कंपनियों का चयन किया गया है जिनका ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है। सॉफ्टवेयर विकास को दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद हेतु उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम के तहत जारी की गई विशेष सूची में शामिल नहीं किया गया है।

(ग) चयन की गई 31 कंपनियों में से 24 कंपनियां स्वदेशी कंपनियां हैं तथा इन स्वेदशी कंपनियों में 16 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) से शामिल की गई हैं। इस स्कीम का लक्ष्य स्वेदशी विनिर्माण को बढ़ावा देना तथा दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद के संबंध में आयात निर्भरता को कम करना है।

अनुबंध

(दिनांक 15.12.2021 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2842)

पीएलआई स्कीम के तहत चयनित कंपनियों की सूची

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम (एमएसएमई):

1. कोरल टेलीकॉम लिमिटेड
2. एहूम आईओटी प्राइवेट लिमिटेड
3. एलकॉम इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड
4. फ्रॉग सेलसैट लिमिटेड
5. जीडीएन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
6. जीएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
7. लेखा वायरलेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
8. पनाश डिजिलाइफ लिमिटेड
9. प्रियराज इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
10. सिक्सथ एनर्जी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
11. स्काईक्वाड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड
12. एसटीएल नेटवर्क्स लिमिटेड
13. सुरभि सैटकॉम प्राइवेट लिमिटेड
14. सिनेग्रा ईएमएस लिमिटेड
15. सिस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
16. तियानयिन वर्ल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

गैर-एमएसएमई-स्वदेशी:

1. आकाशआस्था टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड,
2. डिक्सन इलेक्ट्रो एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड,
3. एचएफसीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड,
4. आईटीआई लिमिटेड,
5. नियोलिंक टेली कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड,
6. सिरमा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड,
7. तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड और
8. वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड।

गैर-एमएसएमई - वैश्विक:

1. कॉमस्कोप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
2. फ्लेक्सट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
3. फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड,
4. जाबिल सर्किट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
5. नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
6. राइजिंग स्टार्स हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड,
7. सैनमीना-एससीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड।

******